भगवान देवी मैकूलाल महाविद्यालय बलजीतपुरवा गौंतरा, हरदोई द्वारा प्रबन्धक रामानन्द द्विवेदी पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम मढ़िया सेउढ़ई परगना मल्लावाँ तहसील बिलग्राम जनपद हरदोई। ______________ वादी

बनाम A-11

सरकार ____ प्रतिवादी

22-8-13 आज पत्रावली पेश हुई। पुकार कराई गयी। वादी के अधिवक्ता उपस्थित आये। पत्रावली का अवलोकन किया। वादी के विद्वान अधिवक्ता को सुना। वादी ने दिनांक 30-7-13 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर ग्राम गौंतरा पर० मल्लावाँ तहसील बिलग्राम जनपद हरदोई की खतौनी सन् 1415 से 1420फ० के खाता संख्या 307 पर अंकित गाटा संख्या 844/0.9120 पर विद्यालय भवन बना होने के कारण धारा 143 ज0वि0अधि0 के अन्तर्गत भूराजस्व मुक्त घोषित किये जाने की प्रार्थना की है। तहसीलदार बिलग्राम से आख्या प्राप्त की गई। नायब तहसीलदार बिलग्राम ने अपनी आख्या दिनांक 7-8-13 में उल्लिखित किया है कि ग्राम गौंतरा पर0 मल्लावाँ तहसील बिलग्राम के वर्तमान अभिलेखों में गाटा संख्या 844/0.9120 हे0 भगवानदेवी मैकूलाल महाविद्यालय बलजीतपुरवा मजरा गौंतरा हरदोई द्वारा प्रबन्धक रामानन्द द्विवेदी पुत्र छोटेलाल निवासी मढ़िया मजरा सेउढ़ई का नाम बतौर संक्रमणीय भूमिधर दर्ज है। उक्त भूखण्ड के 0.184हे0 में महाविद्यालय की बिल्डिंग बनी है शेष भूमि खेल के मैदान के लिये रिक्त पड़ी है। भूखण्ड 844 के 0.9120 हे0 पर कृषि बागवानी पशुपालन से भिन्न प्रयोजन में लेने के कारण अन्तर्गत धारा 143 ज0वि0 एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम अकृषिक घोषित करने हेतु आख्या प्रेषित की है। नायब तहसीलदार की आख्या को तहसीलदार बिलग्राम द्वारा संस्तुति सहित अग्रसारित किया गया है। मैने पत्रावली का अवलोकन किया। नायब तहसीलदार/ तहसीलदार बिलग्राम की आख्या से सहमत होते हुए निम्न आदेश पारित किया जाता है।

आदेश

अतः आदेश किया जाता है कि ग्राम गौंतरा पर० मल्लावाँ तहसील बिलग्राम जनपद हरदोई की खतौनी सन् 1415 से 1420फ0 के खाता संख्या 307 पर अंकित गाटा संख्या 844/0.9120 पर विद्यालय भवन एवं खेल का मैदान बना होने एवं उक्त भूमि कृषि, बागवानी, पशुपालन, कुक्कुट पालन, मत्स्य पालन से भिन्न अकृषिक (महाविद्यायल का भवन)उपयोग में लाये जाने के कारण ज0वि0 एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम की धारा 143 के अन्तर्गत अकृषिक घोषित की जाती है। परवाना अमलदरामद जारी किया जावे। पत्रावली वाद आवश्यक कार्यवाही दाखिल दफ्तर की जाये।

11-9-13

(रामकेर सिंह यादव)
सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी/परगनाधिकारी
तहसील बिलग्राम जनपद हरदोई।

13-9-13
13-9-13

प्रबन्धक
भगवान देवी मैकूलाल
महाविद्यालय फार्मेसी कालेज
बलजीतपुरवा, गौंतरा (हरदोई)